## पटाखा साइलेंसर पर जयपुर पुलिस का कड़ा प्रहार

# पुलिस ने किए 100 से ज्यादा साइलेंसर जब्त

### स्कूल-अस्पताल और भीड़ वाली जगहों पर करते हैं लोगों को परेशान

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राह चलते बाइक के माध्यम से पटाखा छोड़कर आमजन को परेशान करने वाले लोगों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। मानसरोवर थाना पुलिस ने स्कूल-अस्पताल और भीड़ वाली जगहों पर बाइक से पटाखे की आवाज निकालने वाले सौ से अधिक बाइक चालकों के खिलाफ एक्शन लिया है।

पुलिस ने सौ बाइकों के साइलैंसर को बाइक से निकाल कर जब्त कर लिया। इस तरह के साइलेंसर बनाने वाले को भी चिन्हिंत कर एमवी एक्ट में कार्रवाई शुरू कर दी हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर इलाके में पिछले कुछ समय से शिकायत मिल रही थी कि साइलेंट जोन में बाइक सवार बाइक से पटाखे का शोर निकाल कर परेशान करते हैं। ये लोग रात-दिन इलाके में घुसकर बाइक से शोर करते हैं। सूचना मिलने पर पुलिस टीमों को नाकेबंदी में विशेष बाइक पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इस पर पिछले दो माह में पुलिस ने सौ से अधिक बाइकों के खिलाफ कार्रवाई कर उनके साइलेंसर निकाले। बाइक चालक के खिलाफ एमवी एक्ट में मामला दर्ज भी किया गया।



जांच के दौरान सामने आया कि कुछ बाइक मॉडिफाई करने वाले लोग इस तरह का साइलेंसर अवैध रूप से फिट करते हैं। इस पर पुलिस टीम ने ऐसी दुकानों को चिन्हित कर उनके साथ समझाइश की है। अगर फिर भी पुलिस टीम को अगर इन दुकानों के बारे में शिकायत मिली तो दुकानों के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। शरारती लोग अपनी बाइक में इस विशेष प्रकार के साइलेंसर को लगाने के लिए अधिक पैसा देते हैं। पैसा मिलने के कारण कुछ व्यापारी पंजाब से या कुछ जयपुर में अलग-अलग जगहों पर इस साइलेंसर को बनाते हैं। जिन की जानकारी पुलिस टीम द्वारा जुटाई जा रही है।

जानकारी के अनुसार शहर में महेश नगर, जगतपुरा, प्रतापनगर सहित अन्य इलाके में लोग इन बाइर्क्स से खासे परेशान रहते है। महल रोड, प्रतापनगर की चौडी सड़कों पर पटाखे छोड़कर युवक आमजन को परेशान करते है। इसके अलावा महेश नगर अस्सी फीट और साठ फीट रोड पर इस तरह के शरारती युवक अक्सर दिखाई देते हैं।

जो साइलेंट जोन, कॉलोनी, स्कूल के बाहर इन बाइक का इस्तेमाल करके पटाखे का शोर करते हैं। इससे आसपास से निकलने वाले लोग एकाएक डर जाते हैं। कई लोग तो कुछ देर के लिए अपने वाहन को सड़क पर ही रोक देते हैं, क्यों की एकाएक पटाखे की आवास से वह डर जाते हैं।

पुलिस को कई बार इस सम्बंध में जानकारी दी गई, लेकिन फिर भी ये लोग अटल अस्पताल,माया देवी अस्पताल,हैल्थ अस्पताल के आसपास शोर करते हैं।

## पिंक स्टार डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग में फ्लो केअर बनी विजेता



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का छठा संस्करण 22 नबम्बर से स्पोफिट अकादमी में चल रहा है। डॉक्टर्स का यह टूर्नामेंट 1 दिसम्बर तक चलेगा।

लीग आयोजन सचिव डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि 25 नबम्बर को खेले गए टीम इवेंट मुकाबलों में महिला वर्ग में प्रियंका हॉस्पिटल ने पैथोस्कोप डायग्नोस्टिक को 3-2 की से हराया। एक अन्य टाई में स्पेक्ट्रा इमेजिंग ने प्रियंका हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। पैथोस्कोप और स्पेक्ट्रा इमेजिंग के मैच में पाथोस्कोप 2-1 से आगे है और 2 मैच अभी बाकी हैं। लीग कॉर्डिनेटर प्रेम चौधरी ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में दीप हॉस्पिटल किड्स डेंटल से 2-0 से आगे है और एक मैच अभी बाकी है। फ्लो केअर डायग्नोस्टिक टीम ने जिप्सी जगुआर्स को 5-0 से हराया। एच सी जी हिटर्स ने कदम टेक को 5-0 से हराया।

एक अन्य टाई में एच सी जी हिटर्स ने सुवीरा हॉस्पिटल को हराया। कैंसर केअर क्रशरस ने सुवीरा हॉस्पिटल को 5-2 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ श्रवण यादव ने बताया कि पिंक विनायक हॉस्पिटल और जयपुर नुक्लेअर इमेजिंग 3-3 से बराबरी पर हैं,1 मैच अभी बाकी हैं। एनएच बीएच हॉस्पिटल ने अग्रवाल हॉस्पिटल को 6-(1) से हराया।


## 'मेरा संविधान-मेरा अभिमान' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सांभरलेक जयपुर के सभागार कक्ष में संविधान दिवस के अवसर पर मेरा संविधान-मेरा अभिमान विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ.



शैलेंद्र मौर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य समीक्षा शर्मा के द्वारा की गई। डॉ मौर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है बल्कि नैतिकता, मूल्यों और परंपराओं का दस्तावेज है। भारतीय संविधान राजनीतिक व्यवस्था में ही नहीं बल्कि जीवन में भी लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना करता है। कार्यक्रम में डॉ. नितीश पाल सिंह मीणा एवं डॉ. नीलम मीना आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## डॉ. गिरिजा शर्मा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** झुन्झुनूं के पांथरोली निवासी डॉ. गिरिजा शर्मा को डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। उनका शोधकार्य महिला विश्वविद्यालय एवं संस्थापक डॉ. पंकज गर्ग द्वारा महिला उत्थान व शिक्षा क्षेत्र में योगदान का एक अध्ययन था। ये सम्पूर्ण शोधकार्य निदेशक प्रोफेसर डॉ. मन्जू शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण किया।

## हनुमान बेनीवाल हार को शालीनता से करें स्वीकार : लक्ष्मीकांत

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि हनुमान बेनीवाल खुद सांसद हैं और उन्हें कानून दायरे में रहते हुए ही बयानबाजी करनी चाहिए। बेनीवाल को स्वयं भी अनुशासन में रहना चाहिए और खुद की पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी अनुशासन में रहना सिखाना चाहिए ना की उन्हें हुड दंग करने के लिए उकसाना चाहिए। गौरतलब है कि आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें हानि पहुंचाने के लिए आरएलपी कार्यकर्ताओं को उकसाया था। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी के खिलाफ ऐसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करना हनुमान बेनीवाल को शोभा नहीं देता है। प्रदेश प्रभारी राजस्थान के अतिथि हैं ऐसे में बेनीवाल को अतिथि सत्कार की परम्परा को देखते हुए इस तरह की अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए था।



## नगर निगम ग्रेटर ने कार्रवाई कर 7 हजार रुपए का जुर्माना वसूला

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रिया के निर्देषानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में सांगानेर जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही के दौरान बम्बाला पुलिया एलआईसी ऑफिस के सामने एवं पिंजरापोल गौशाला से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 7 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 03 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में सांगानेर जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही के दौरान बम्बाला पुलिया, एलआईसी ऑफिस के सामने एवं पिंजरापोल गौशाला से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 03 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 7 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर आरसीडीएफ को मिला गोपाल रत्न अवार्ड

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आयोजित पुरुस्कार वितरण समारोह में आरसीडीएफ की धूम रही। एक ओर जहां, आरसीडीएफ से सम्बद्व भीलवाडा दुग्ध संघ की प्रतापपुरा दुग्ध उत्पादक समिति को श्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति के अवार्ड से नवाजा गया वहीं दूसरी ओर हनुमानगढ दुग्ध संघ के दो कर्मचारी राजेन्द्र कुमार और वीरेन्द्र कुमार सैनी को बेस्ट एआई टैक्नीशियन अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

आरसीडीएफ की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने प्रतापपुरा दुग्ध समिति के सचिव नानूराम कुमावत और हनुमानगढ दुग्ध संघ के कर्मचारियों के साथ ये पुरुस्कार प्राप्त किये। पुरुस्कार स्वरुप तीन-तीन लाख रुपये नगद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के गृह एवं डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भी विशिष्ठ अतिथि के रुप में कार्यक्रम में शिरकत की और राष्ट्रीय स्तर के इन पुरुस्कारों के लिये आरसीडीएफ और दुग्ध संघों के पदाधिकारियों को बधाई देते हुऐ उनका मनोबल बढाया।

भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने नई दिल्ली स्थित मानेकशा सेन्टर में आयोजित राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में यह पुरुस्कार वितरित किये। पशुपालन और डेयरी विकास के क्षेत्र में गोपाल रत्न राष्ट्रीय अवार्ड एक प्रतिष्ठित अवार्ड है। विजेताओं का चयन देशभर से 2574 ऑनलाईन आवेदकों में से किया गया था।

## एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव का आयोजन कल

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** ऑलमाइटी इंटरनेशनल पहली बार जयपुर में राष्ट्रीय स्तर के ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम 28 नवंबर 2024 को नारायण सिंह सर्किल के पास स्थित नसिया जी सभागार में आयोजित होगा। इस एक दिवसीय एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव का उद्घाटन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष, वासुदेव देवनानी करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम की संयोजक, डॉ. मेघा शर्मा ने दी। इस आयोजन का उद्देश्य ज्योतिष और संबंधित प्राचीन विज्ञानों को आधुनिक समाज में अधिक प्रासंगिक बनाना और इसके वैज्ञानिक व व्यावहारिक पक्ष को जन-जन तक पहुंचाना है। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण प्रमुख ज्योतिषाचार्यों और वास्तुशास्त्रियों द्वारा की जाने वाली महत्वपूर्ण चर्चाएं और भविष्यवाणियां होंगी।

## भिक्षावृत्ति मुक्त जिला बनेगा जयपुर अभियान के तहत होगा पुनर्वास

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए विभागीय अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय से हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों का प्रभावी पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया ताकि ऐसे व्यक्ति भिक्षावृत्ति को छोडकर अपने कौशल और मेहनत के दम पर सम्मान जनक जीवन शुरू करें। जिला कलक्टर ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास को लेकर बैठक ली।



जयपुर में आगामी 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन होगा। इस विश्व स्तरीय आयोजन में जयपुर की गौरवशाली परंपरा एवं छवि धूमिल ना हो इसके लिए भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का जल्द से जल्द पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। नगर निगम के अधिकारियों को चिन्हित पुनर्वास गृहों की साफ-सफाई, शौचालयों की मरम्मत, पुनर्वास गृहों में भिखारियों के लिए आधारभूत सेवाओं की व्यवस्था करने, चिन्हित पुनर्वास गृहों को श्नी अन्नपूर्णा रसोई योजना से लिंक करते हुए योजना के माध्यम से भिखारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ-साथ इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में पंजीकृत कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों की जांच कर उपचार करने, चिन्हित पुनर्वास गृहों में चिकित्सा एवं जांच सुविधा उपलब्ध करने प्रत्येक पुनर्वास गृह को निकटतम राजकीय चिकित्सालय से जोडते हुए भिखारियों की जांच एवं उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अन्य सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया।

## पुलिस कमिश्नर की मुहाना थाने में जनसुनवाई कल

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ 28 नवम्बर को सुबह 11से 2 बजे तक पुलिस थाना मुहाना में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अति. पुलिस कमिश्नर (अपराध) कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण, सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू, मानसरोवर, बगरू एवं संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र चाकसू, मानसरोवर जयपुर (दक्षिण) व बगरू जयपुर के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी।

## जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भेंट की सिलाई मशीन



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन द्वारा वाटिका रोड स्थित, कल्लावाला ग्राम में प्रियांश क्रिएशंस एंड होम डेकोर नाम से पल्लवी सक्सेना को सिलाई मशीन दिलवाकर स्वयं का व्यवसाय का शुभारम्भ करवाया। फाउंडेशन अध्यक्षा दुर्गा वर्मा ने बताया जरूरतमंद महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्हें उनके घर पर ही स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ट्रस्ट सदस्य एवं मिडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट की यह पहल समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## सफाई कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। अनुभव प्रमाण पत्र में ठेकेदार के शपथ पत्र को लेकर विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया है कि जयपुर में सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। इसके साथ ही कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द हमारी मांगों को पूरा नहीं किया।


आम सूचना

[illegible]

आम सूचना

[illegible]


## भारतीय किसान संघ के सह प्रान्त प्रचार प्रमुख बने चंदेल



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** भारतीय किसान संघ की जयपुर प्रान्त कार्यकारिणी की बैठक में डॉ. लोकेश कुमार चंदेल को सह प्रान्त प्रचार प्रमुख और दौसा जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। यह निर्णय संघ की आगामी रणनीतियों को मजबूत करने और किसानों के मुद्दों पर प्रभावी रूप से मीडिया के सामने रखने के लिए लिया गया है।

किसान संघ के प्रान्त अध्यक्ष कालूराम बांगडा, प्रांत महामंत्री डॉ सांवरमल सोलेट की उपस्थिति में घोषणा की गई। डॉ. लोकेश चंदेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय किसान संघ से लंबे समय से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। संगठन में उनके अनुभव और सक्रिय योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. चंदेल का पारिवारिक पृष्ठभूमि भी राष्ट्रीय आंदोलनों से जुडी रही है। उनके दादाजी मूलचंद चंदेल, स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और देश की आजादी के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया था। पारिवारिक परंपरा और संगठनात्मक अनुभव के चलते डॉ. चंदेल ने किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। बैठक में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन की आगामी योजनाओं पर चर्चा की।


आम सूचना

[illegible]



कार्यालय ग्राम पंचायत हल्दीना पं. स. मालाखेड़ा (अलवर)

क्रमांक :-349 दिनांक :-26.11.2024

निविदा/बोली सूचना 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हल्दीना पंचायत समिति मालाखेड़ा में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के कृषि योग्य भूमि को कृषि काश्त हेतु जो जहां है जैसा है के आधार पर खुली बोली आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | सामग्री | धरोहर राशि (रुपयों में) | निविदा शुल्क (रुपयों में) | निलामी हेतु खुली बोली लगाने/निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम हल्दीना में कृषि योग्य 3.08 हैक्टेयर | 5000/- | खुली बोली द्वारा | 04.12.2024 |

ठेके की शर्ते :-

1. उपरोक्त निविदा/बोली कार्यक्रम से पूर्व धरोहर राशि जमा कराने पर ही निविदायें/बोली में शामिल होने दिया जावेगा। बोली की समस्त राशि बोली के तुरन्त बाद कार्यालय में जमा करानी होगी। शेष शर्ते कार्यालय में पढ़ी व देखी जा सकती हैं। बोली लगाने वाले या उसके परिवार के सदस्यों पर पूर्व की बकाया राशि नहीं होनी चाहिए।
2. सफल निविदादाताओं को उसी दिन 100/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध भरना होगा।
3. बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय नीलामी कमेटी का होगा।
4. शेष सभी शर्ते कार्यालय में कार्यालय समय में देखी व पढ़ी जा सकती हैं। उक्त निविदा वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

NIB Code-ZAL2425A0805 UBN Code-ZAL2425SSOB01428

सरपंच, ग्राम पंचायत हल्दीना, पंचायत समिति मालाखेड़ा (अलवर)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत हल्दीना, पंचायत समिति मालाखेड़ा (अलवर)